मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 87 ■ शुक्रवार, 14 जून 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**शादी की खबरों पर भड़कीं सोनाक्षी**

# डोंबिवली MIDC में 42 केमिकल कंपनियों को बंद करने का आदेश

■ **राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की कार्रवाई**

**कल्याण.** बुधवार (12 जून) सुबह करीब 10 बजे घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) चरण II में इंडो एमाइंस लिमिटेड में भीषण आग लग गई। हालांकि इस आग में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन डोंबिवली एमआईडीसी में एक महीने में दूसरी बार आग लगने का मामला सामने आ रहा है.

डोंबिवली फायर कंट्रोल के अनुसार, सुबह 10 बजे के आसपास घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) कॉम्प्लेक्स चरण II में इंडो एमाइंस लिमिटेड में आग लग गई। इस घटना के बाद डोंबिवली एमआईडीसी में 42 केमिकल कंपनियों को बंद करने का आदेश दिया गया है. इन सभी कंपनियों को राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने बंद करने का आदेश दिया है। कुछ दिन पहले डोंबिवली में अंबर केमिकल कंपनी के बॉयलर में विस्फोट हो गया था. इस घटना में 13 लोगों की जान चली गई. इसके बाद बुधवार (12 जून) को फिर से डोंबिवली में आग लगने की घटना हुई. एक माह में दो घटनाओं के बाद प्रशासन जागा है। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने केमिकल कंपनियों को स्थानांतरित करने की मांग की है.

इस संबंध में प्रशासन ने अहम कदम उठाते हुए डोंबिवली एमआईडीसी में 42 केमिकल कंपनियों को बंद करने का आदेश दिया है. MIDC में कुल 180 रसायन कंपनियाँ हैं। उनमें से 42 को बंद करने का आदेश दिया गया है और अन्य कंपनियों को बंद करने की प्रक्रिया चल रही है।



### 250 से 275 कंपनियाँ खतरनाक

केडीएमसी आयुक्त इंदुरानी जाखड़ ने कहा है कि एक सर्वेक्षण के अनुसार, डोंबिवली में 250 से 275 खतरनाक और अति-खतरनाक कंपनियां हैं। खतरनाक कंपनियों की सूची में इंडो एमाइंस और माल्दे कैपेसिटर शामिल हैं।

## अंबरनाथ में भी हो रही कंपनियों की जांच

डोंबिवली में रासायनिक कंपनियों में विस्फोट की घटनाओं को देखते हुए, अंबरनाथ आनंद नगर एमआईडीसी में रासायनिक कंपनियों का निरीक्षण म्यूचुअल एंड रिस्पॉन्स ग्रुप (एमएआरजी) और एडिशन अंबरनाथ मैन्युफैक्चर एसोसिएशन (आमा) द्वारा किया जा रहा है। हाल ही में इस निरीक्षण में एमआईडीसी ने कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की है. पिछले हफ्ते यहां करीब 15 कंपनियों के निरीक्षण के दौरान एक केमिकल कंपनी को अवैध रूप से हाइड्रोक्लोरिक एसिड बनाते हुए पाया गया। 'आमा' के अध्यक्ष उमेश तायडे ने जानकारी दी है कि जब 'आमा' ने एमआईडीसी से इसकी शिकायत की तो संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की गई. तायडे ने यह भी कहा कि बुधवार को डोंबिवली में फिर से आग लगने की घटना के मद्देनजर एमआईडीसी की बाकी रासायनिक कंपनियों का भी गहन निरीक्षण किया जाएगा।

# कालानी फिर निभाएंगे दोस्ती का गठबंधन?





■ **क्या महायुति उम्मीदवार निरंजन डावखरे को देंगे समर्थन?**
■ **श्रीकांत शिंदे की जीत पर बजाई थी शरद पवार की ट्रम्पेट**
■ **कालानी के शरद पवार की राकांपा में जाने के संकेत?**
■ **हमेशा सत्ता व कुर्सी की लालसा के आगे झुके**

**उल्हासनगर.** लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा, शिवसेना, मनसे, आरपीआय व राकांपा अजित पवार गुट के उम्मीदवार डॉ. श्रीकांत शिंदे को दोस्ती का गठबंधन के तहत पूर्व विधायक पप्पू कालानी ने अपना समर्थन दिया था। शिंदे की जीत के दौरान उन्होंने अपने निवास स्थान पर ट्रम्पेट बजाकर यह संकेत दे दिए हैं कि वो आगामी चुनाव शरद पवार की राकांपा में लड़ेंगे।

प्रदेश में शरद पवार पक्ष को अच्छी खासी सीटें मिलने से अब कालानी का मन भी वापस उनकी और जाते दिख रहा है। लेकिन इस बीच शहर में यह भी चर्चा चल रही है कि हमेशा से ही सत्ता व कुर्सी के लिए कार्य करने वाले कालानी क्या आगामी 26 जून को होने वाले कोंकण डिवीजन ग्रेजुएट चुनाव के सत्ताधारी महायुति के उम्मीदवार निरंजन डावखरे को भी क्या दोस्ती गठबंधन के तहत समर्थन देंगे अथवा किसी अन्य को। भाजपा नेताओं ने तो आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव में दोस्ती के गठबंधन के दौरान कालानी ने 28 पूर्व नगरसेवकों का हवाला दिया था जबकि उनके पास आधे से कम पूर्व नगरसेवक रह गए हैं जिन्होंने भाजपा के कार्य को अपना बताकर वाहवाही लूटी है। जिन पैनलों में अपने कार्य का ढिंढोरा पीटा गया है वहां चुनाव में भाजपा व अन्य सहयोगी पक्ष के पूर्व नगरसेवकों ने कार्य किया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा व कालानी की आपसी रंजिश का खामियाजा शिंदे भुगत चुके हैं। अब ऐसे में क्या एक बार फिर कालानी सत्ताधारी महायुति के उम्मीदवार डावखरे को समर्थन देने के लिए दोस्ती गठबंधन के बदले किसी तरह का वादा लेकर घोषणा करेगी। यह तो समय ही बताएगा।

## जमीन हड़पने वाला भाई गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में फर्जी दस्तावेज बनाकर भाई द्वारा बहन की जमीन हड़पने की कोशिश करने को लेकर सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और आरोपी भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुणे में रहने वाली माला शाह के पास उल्हासनगर कैंप 3 विठ्ठलवाड़ी रोड पर एक जमीन है, कुछ दिन पहले माला शाह को उल्हासनगर मनपा से एक सर्वेक्षण कॉल आया, जिसमें पूछा गया कि क्या आपने कुछ दिनों के बाद अपनी संपत्ति बेच दी है. माला शाह को आरटीआई से पता चला कि उनके बड़े भाई सतीश ने फर्जी संपत्ति के दस्तावेज, माला शाह का फर्जी आधार कार्ड और फर्जी ट्रांजैक्शन दिखाकर पूरी संपत्ति अपने नाम कर ली है, जिस पर माला शाह ने सेंट्रल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी. सेंट्रल पुलिस ने घटना की पूरी जांच की और मामला दर्ज कर सतीश शाह को गिरफ्तार कर लिया.

# विधानसभा चुनाव लड़ेंगे गंगोत्री

■ **कई मनसे कार्यकर्ता राकांपा में शामिल**
■ **भाजपा नेता को दिया करार जवाब**
■ **राकांपा की ताकत शहर में मजबूत करना लक्ष्य- गंगोत्री**



**उल्हासनगर** शहर जिला राकांपा अध्यक्ष बनने के बाद भारत राजवानी गंगोत्री के नेतृत्व में अपना विश्वास दिखाते हुए कई भाजपा व मनसे पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने राकांपा का दामन थाम लिया है। कल कई मनसे पदाधिकारियों ने राकांपा में प्रवेश किया है। राकांपा अध्यक्ष भारत गंगोत्री से पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर किया क्या वो विधानसभा चुनाव लड़ेंगे इस पर उन्होंने कहा कि जरूर अगर पार्टी आदेश देगी तो वो जरूर उल्हासनगर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं पूर्व भाजपा नगरसेवक द्वारा की जा रही टिप्पणी को लेकर गंगोत्री ने उन्हें करार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि शहर विकास में अरचन डालने का कार्य जो कर रहे हैं उन्हें जनता ही सबक सिखाएगी। फिलहाल हमारा ध्यान राकांपा को उल्हासनगर शहर में मजबूत करने का है और हमारे नेता उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार में विश्वास रखते हुए कई पार्टी के लोग प्रवेश कर रहे हैं और आगामी समय में कई नेता व पदाधिकारी उनके संपर्क में है और जल्द ही प्रवेश करेंगे। हम मनपा अथवा विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## बोडारे शिवसेना यूबीटी के कल्याण जिला प्रमुख नियुक्त



**उल्हासनगर.** शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने उल्हासनगर से धनंजय बोडारे उर्फ आ बा सा हे ब को शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे पार्टी का कल्याण जिला प्रमुख नियुक्त किया है. शिवसैनिकों ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बोडारे की नियुक्ति से कल्याण लोकसभा में ठाकरे समूह की ताकत बढ़ गई है. धनंजय बोडारे उल्हासनगर मनपा में नगरसेवक, उपमहापौर, शिवसेना-समूह नेता, विपक्षी दल नेता जैसे विभिन्न पदों पर रहे हैं। उनकी प्रतिष्ठा एक बुद्धिमान और विद्वान नगरसेवक के रूप में है। संगठन के विकास में इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

# कलवा में गिरा इमारत का स्लैब

■ **3 लोग जख्मी, 100 को बचाया गया**








**ठाणे.** कलवा इलाके में बारिश के बीच बीती रात एक हाउसिंग सोसाइटी का स्लैब गिरने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में तीन लोग घायल हुए है और करीब 100 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है।

स्लैब गिरने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, ठाणे नगर निगम के अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। इमारत को तुरंत खाली कराया गया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बुधवार रात 11.55 बजे के करीब हुई। इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित फ्लैट की छत गिर जाने से 70 वर्षीय एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटा जख्मी हो गए। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि कलवा के भुसार अली इलाके में स्थित चार मंजिला ओम कृष्णा कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में यह हादसा हुआ।

घायलों की पहचान मनोहर दांडेकर (70), उनकी पत्नी मनीषा (65) और बेटे मयूर (40) के रूप में हुई है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इमारत के 30 फ्लैट में रहने वाले करीब 100 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है।

### 35 साल पुरानी है इमारत

घटना के बाद इमारत को सील कर दिया गया है। यह इमारत 35 साल पुरानी बताई जा रही है। नगर निगम ने इमारत को पहले से असुरक्षित और खतरनाक घोषित किया हुआ है और उसे नहीं रहने योग्य की श्रेणी में रखा है। इस इमारत को ध्वस्त करने की जरूरत है या नहीं, इस संबंध में नगर निगम निर्णय लेगा।

## अंबरनाथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अगस्त 2024 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 3 जून से शुरू हो गई है और इच्छुक छात्र जो 10वीं में उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण हैं, वे वेबसाइट addmission.dvet.gov.in. पर जा सकते हैं. अंबरनाथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य म. शा. जाधव ने 30 जून 2024 तक आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की अपील की है.

अंबरनाथ में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महाराष्ट्र सरकार के तत्वावधान में एक व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान है. इस संस्थान में इंजीनियरिंग और नॉन-इंजीनियरिंग जैसे कुल 28 व्यवसायों की शिक्षा दी जाती है. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु तैयार मानकीकृत प्रक्रिया की सूचना पुस्तिका उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रारूप में उपलब्ध करा दी गई है. आवेदन पंजीकृत करने के बाद, उम्मीदवारों को अपने आवेदन की पुष्टि करने के लिए निकटतम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जाना चाहिए और फिर विकल्प जमा करना चाहिए. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर काउंसिलिंग की जा रही है. इसमें अभ्यर्थियों को विभिन्न बिजनेस कोर्सेज के बारे में जानकारी दी जाती है. हालाँकि, इच्छुक उम्मीदवारों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए, ऐसा आह्वान संस्था के प्राचार्य जाधव ने किया है.

# जो फेरीवालों को नहीं हटा सके वह कंपनियों को क्या हटाएंगे?

**विधायक राजू पाटील का शासन और केडीएमसी पर तंज**

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** डोंबिवली एमआईडीसी से खतरनाक कंपनियों के स्थानांतरण के मुद्दे पर कल्याण ग्रामीण विधानसभा के एमएनएस विधायक राजू पाटील ने शासन और केडीएमसी पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग शहर से फेरीवालों को नहीं हटा सकते वे एमआईडीसी से कंपनियों को क्या हटा पाएंगे। विधायक पाटील ने यह भी कहा कि शासन की लापरवाही के कारण आग लगने का यह सिलसिला यूंही चलता रहेगा। गनीमत रही कि बुधवार की घटना में किसी की जान नहीं गई वरना फिर से महज हमदर्दी के लिए मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की गई होती। उन्होंने कहा कि मैं आगामी विधानसभा के मानसून सत्र में इस मुद्दे को उठाऊंगा। पाटील ने मनपा प्रशासन को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सालों से अवैध फेरीवालों को हटाने की मांग की जा रही है, लेकिन केडीएमसी प्रशासन आंख मूंदकर बैठा है।

### काम बंद करो वरना रास्ता रोकेंगे



कल्याण-तलोजा मेट्रो मार्ग को लेकर हो रही दिक्कतों के ऊपर विधायक पाटील ने कहा कि खुदाई की वजह से स्कूली विद्यार्थी, एम्बुलेंस और वाहन चालकों को रोज़ाना ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम मेट्रो के विरोध में नहीं है, लेकिन कल्याण-शीलरोड को जाम से राहत दिलाने के लिए पर्यायी रास्ता निकालने की मांग राजू पाटील ने की। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि काम बंद नहीं किया गया तो सड़क पर उतरकर चक्का जाम करेंगे।

## मुंबई शिक्षक व कोकण विभाग पदवीधर में 3,59,737 मतदाता

**ठाणे.** भारत चुनाव आयोग के अनुसार मुंबई पदवीधर, कोकण विभाग पदवीधर, मुंबई शिक्षक पदवीधर मतदाताओं की कुल संख्या 3 लाख 59 हजार 737 है. यह जानकारी जनसंपर्क उपायुक्त कोकण विभाग व सहायक चुनाव अधिकारी अमोल यादव ने दी। मुंबई पदवीधर में मतदाताओं की संख्या स्त्री 12 हजार 873 व पुरुष 17 हजार 969, तृतियपंथी 1, मुंबई उपनगर स्त्री 36 हजार 838 व पुरुष 52 हजार 987, तृतीयपंथी 5 कुल 1 लाख 20 हजार 673मतदाता है। मुंबई शिक्षक मुंबई शहर स्त्री 02 हजार 14 व पुरुष 511, तृतीयपंथी 0, मुंबई उपनगर स्त्री 09 हजार 872 व पुरुष 03 हजार 442, तृतीयपंथी 0, कुल 15 हजार 839 मतदाता है।

कोकण विभाग पदवीधर पालघर जिला स्त्री 12 हजार 987 व पुरुष 15 हजार 930, तृतियपंथी 8, ठाणे जिला स्त्री 42 हजार 478 व पुरुष 56 हजार 371, तृतीयपंथी 11, रायगड जिला स्त्री 23 हजार 356 व पुरुष 30 हजार 843, तृतियपंथी 9, रत्नागिरी जिला स्त्री 09 हजार 228 व पुरुष 13 हजार 453, तृतियपंथी 0, सिंधुदुर्ग जिला स्त्री 07 हजार 498 व पुरुष 11 हजार 053, तृतीयपंथी 0, कुल 2 लाख 23 हजार 225 पदवीधर मतदाता की संख्या है।

# अंबरनाथ इस वर्ष पानी में डूबेगा!





■ **नपा स्वत: नाला बंद कर रही**
■ **गुरुवार को बारिश से शहर के कई घरों में घुसा पानी**
■ **लोगों का लाखों का नुकसान**

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में अब लोगों का जीना मुश्किल हो गया है. थोड़ी सी बारिश होने पर अब घरों, दुकानों, सड़कों पर बरसाती पानी भर रहा है. नगर परिषद की लापरवाही के कारण ये सब हो रहा है. शहर पश्चिम के बुवापाड़ा और पूर्व में वडवली गांवदेवी मंदिर के आसपास के घरों में पानी भर रहा है. इसका एक ही कारण है. स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर है. नाला सफाई ठीक ढंग से नहीं हुई है. केबी रोड के पास का मुख्य नाला तो स्वतः नगर परिषद एवं कुछ बिल्डरों ने बंद कर दिया है. केबी रोड पर बने कई शानदार शॉप, मॉल के बिल्डरों ने नाला छोटा करके उसका मुंह बंद कर दिया है. नाला साफ कैसे होगा? ये नाला बंद करके छोटा करने के लिए स्वतः नपा ने साढ़े चार करोड़ रुपया खर्च कर रहा है. इसलिए विमको नाका, शास्त्री हिंदी विद्यालय के पास, केमीक्वीप के पास, बुवापाड़ा, हाउसिंह बोर्ड चौक, यहां तक कि नपा कार्यालय के समक्ष गांधी चौक पर गुरुवार को हुई बरसात से पानी भर गया. यही हाल शहर पूर्व में हुआ है. गृहनिर्माण सोसायटी, राहुल नगर, ताड़वाड़ सोसायटी में बरसाती पानी घरों में घुस गया. जिससे लोगों का लाखों का नुकसान हुआ है. अब नपा के अधिकारियों, मुख्याधिकारी को सड़कों पर गलियों में उतर कर देखना होगा कि लोग किस तरह परेशान हो रहे हैं. इस मसले का हल जल्द निकालना जरूरी है. वरना अंबरनाथ इस वर्ष बरसाती पानी में डूब जाएगा.

# टिटवाला-बनेली में 25 एकड़ भूखंड पर बन रही अवैध चालियां

■ **ए वार्ड कर रहा दिखावे की कार्रवाई**



कल्याण. टिटवाला-बनेली में 25 एकड़ के खाली प्लॉट पर भू-माफियाओं ने अवैध चालियां बना दी हैं. धड़ल्ले से अवैध चालियों का निर्माण कार्य जारी रहने के बीच स्थानीय निवासियों की शिकायत है कि ए वार्ड द्वारा इन अवैध चालियों पर कार्रवाई केवल दिखावे के लिए की जा रही है.

स्थानीय निवासियों की शिकायत है कि इन अवैध चालियों का निर्माण प्रभाग ए के सहायक आयुक्त किशोर खुटाडे के आशीर्वाद से चल रहा है. इससे जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए हैं. कल्याण डोंबिवली मनपा के अंतर्गत आने वाले टिटवाला बनेली इलाके में 25 एकड़ के खाली प्लॉट पर भू-माफियाओं ने अवैध चाली बनाकर कब्जा करना शुरू कर दिया है. वहीं वार्ड ए के सहायक आयुक्त और अतिक्रमण टीम बिना कोई कार्रवाई किए मूकदर्शक बने हुए हैं. इससे नागरिकों में बहुत नाराजगी है। इस संबंध में कई नागरिकों ने मनपा मुख्यालय में शिकायत की है.

प्रत्येक माफिया ने अपनी भौगोलिक सीमाएं निर्धारित कर उसके भीतर अवैध चालियां बसाने का काम शुरू कर दिया है। मुंबई के देवनार, तुर्भे, माहिम क्षेत्र की झुग्गियों के लोग टिटवाला, बनेली, बलयानी क्षेत्र में बड़ी संख्या में आ रहे हैं क्योंकि इन क्षेत्रों में कम दरों पर घर खरीदे जा रहे हैं। चार से पांच लाख में एक कमरा बेचकर भूमाफिया मुक्त हो जाते हैं.

राजस्व विभाग भी इस महत्वपूर्ण मुद्दे की अनदेखी कर रहा है। माफियाओं के कारण करोड़ों रुपये का राजस्व डूब रहा है. मनपा सीमा में कोई भी नया अवैध निर्माण नहीं होगा, इस प्रकार का लिखित आश्वासन मनपा आयुक्त इंदुरानी जाखड़ के बॉम्बे हाई कोर्ट में दिया है. इसके बावजूद कुछ प्रभागों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश जगह अवैध निर्माण जोरों पर है.

डोंबिवली के ह प्रभाग में राजेश सावंत के खिलाफ कई अवैध निर्माण के संदर्भ में कई शिकायतें हैं। समझा जाता है कि इन सहायक आयुक्तों की कई शिकायतें अतिक्रमण नियंत्रण उपायुक्त के पास गयी हैं. आयुक्त डॉ. जाखड़ द्वारा अवैध निर्माण के पीछे जिम्मेदार सहायक आयुक्त को उनके मूल पद पर वापस लाने तथा वार्ड में सरकारी एवं महानगरपालिका सेवाओं में कर्मठ सहायक आयुक्त को नियुक्त करने की मांग नागरिकों की ओर से जोर पकड़ने लगी है.

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. – महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास

संपादकीय

## उड़ीसा में भाजपा सरकार

उड़ीसा में चौबीस वर्ष बाद किसी दूसरे दल की सरकार बनी है. पिछले पांच विधानसभा चुनावों से बीजू जनता दल ही लगातार सत्ता में बनी हुई थी. इस बार भाजपा बीजद से अलग होकर स्वतंत्र चुनाव लड़ी और सत्ता में पहुंच गई. यह निस्संदेह वहां के लोगों की बदलाव की आकांक्षा का ही प्रतिफल है. इस तरह भाजपा को भी पूरब में अपनी जगह बनाने का मौका मिला है. पहली बार ओड़ीशा में उसकी सरकार बनी है.

नए मुख्यमंत्री के रूप में आदिवासी समाज के मोहन चरण माझी को राज्य की कमान सौंपी गई है. माझी ने शपथग्रहण से पहले ही आदिवासी समाज के कल्याण का संकल्प लिया था, उम्मीद है, वे इसे पूरा करेंगे. हालांकि उन्हें चौबीस वर्ष लंबे नवीन पटनायक के कार्यकाल के प्रभाव से लोगों को बाहर निकालना एक चुनौती होगी. लोगों में नवीन पटनायक के कामकाज को लेकर कोई खास नाराजगी नहीं थी, इसलिए भी माझी को कुछ अलग करके दिखाना होगा.

माझी के साथ एक अच्छी बात यह है कि केंद्र में भी उनकी पार्टी की सरकार है, इसलिए योजनाओं और नीतियों के क्रियान्वयन में किसी अड़चन की गुंजाइश नहीं रहेगी. हालांकि नवीन पटनायक के भी केंद्र सरकार के साथ रिश्ते कभी कड़वे नहीं रहे. नवीन पटनायक ने ओड़ीशा को बीमारू प्रदेशों की श्रेणी से बाहर निकालने, वहां के लोगों की गरीबी दूर करने, शिक्षा और चिकित्सा आदि के क्षेत्र में बेहतरी के लिए जो विकास परिजनाएं चलाईं और प्रदेश का विकास किया, उसकी सभी सराहना करते हैं. मगर विकास परियोजनाओं के चलते नियमगिरी जैसे कुछ इलाकों के आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण को लेकर जो नाराजगी देखी जा रही थी, उन्हें जरूर माझी सरकार से काफी उम्मीदें हैं. इसके अलावा, एक चुनौती होगी वहां सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने की. नवीन पटनायक सदा एनडीए के साथ रहे, मगर जब कंधमाल में ईसाई मिशनरियों पर हमले हुए तो वे उससे अलग हो गए थे. ओड़िया समाज पर इसका बहुत असर पड़ा था. माझी सरकार उसे कितना सुरक्षित रख पाती है, यह देखने की बात है. अब भी ओड़ीशा की छवि अत्यंत गरीब और पिछड़े प्रदेश की है, उस छवि को माझी कितना बदल पाएंगे, उनकी कामयाबी इसी से आंकी जाएगी.

# ट्रैकिंग : अपनी ही जिंदगी से यह कैसी लापरवाही

बीते 29 मई को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग से सिल्ला गांव की ओर कुस-कल्याण होते हुए सहस्त्रताल (14,500 फुट) तक ट्रैकिंग के लिए कर्नाटक और महाराष्ट्र के 22 लोग बर्फीली हवा में फंस गए थे, जिनमें छह महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई. शेष 13 लोगों को राज्य एवं केंद्र सरकार की आपदा प्रबंधन एजेंसी और वायुसेना की मदद से बचाया गया. वर्ष 2021 में आईटीबीपी पेट्रोलिंग के दौरान हिमस्खलन से तीन कुलियों की मौत हो गई थी. वर्ष 2022 में द्रौपदी का डांडा-2 चोटी पर चढ़ाई के दौरान हिमस्खलन में 28 लोगों की मौत हो गई थी. वर्ष 2023 में रूनसारा-ताला ट्रैक और गंगोत्री कालिंदी खाल में तीन ट्रैकर्स की मौत हो गई थी, जबकि मौसम विभाग ने अलर्ट भी किया था. हिमालय में साहसिक पर्यटन और पर्वतारोहण के लिए लाखों देशी-विदेशी सैलानी प्रतिवर्ष ऊंची-ऊंची बर्फीली चोटियों पर पहुंचकर गौरवान्वित महसूस करते हैं. लेकिन पीढ़ियों से रह रहे स्थानीय लोग ही बता सकते हैं कि किस महीने में किस चोटी पर जाना अधिक उचित और सुरक्षित हो सकता है.



स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष सहस्त्रताल पहुंचने के लिए खड़ी चढ़ाई पार करते हैं. लेकिन उनके वहां जाने का समय जुलाई के अंतिम सप्ताह से सितंबर के अंत तक है. वहां ऐसे अनेकों रास्ते हैं, जहां से बहुत सारे लोग बस्तियों तक पहुंच जाते हैं. अप्रैल से जून तक तेजी से बर्फ पिघलने का समय होता है, इसलिए बर्फीले तूफान भी आते हैं. जुलाई के बाद बारिश होने से बर्फीले तूफान की गति धीमी पड़ जाती है और बर्फ पिघलना कम हो जाता है. इन महीनों में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बहुत पतली वर्षा देखने को मिलती है, जिसमें भीगने पर पर्यटकों को आनंद महसूस होता है. यहां ब्रह्मकमल के पुष्प और बुग्याल के मनोरम दृश्य, सामने ऊंची चोटियों पर चांदी की तरह चमकने वाली बर्फ स्वर्ग का एहसास कराती है. सहस्त्रताल ग्लेशियर लगभग 40 किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है. 'सहस्त्रताल' नाम इसलिए है कि यहां पर बर्फ की सैकड़ों झीलें हैं, जहां से धर्मगंगा, बालगंगा, भिलंगना, पिलंगना जैसी पवित्र नदियां बहकर टिहरी बांध के जलाशय में भागीरथी में मिलती हैं. इसलिए सहस्त्रताल ट्रैकिंग के लिए टिहरी गढ़वाल के प्रसिद्ध तीर्थ बूढ़ा केदारनाथ और भिलंग से होकर भी जाते हैं. चूंकि ऊंचाई पर ऑक्सीजन की बहुत कमी हो जाती है, इसलिए 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को वहां पहुंचने में कठिनाई होती है. यहां ट्रैकिंग पर निकले 22 लोगों की टीम में चार लोग 60 वर्ष से ऊपर थे, जिनका पहले स्वास्थ्य परीक्षण भी नहीं किया गया था. उनके पास ट्रैकिंग संबंधी पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध नहीं थे. उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने एक स्थानीय ट्रैकिंग एजेंसी पर रोक लगाई है, क्योंकि उसने 22 ट्रैकर्स के साथ मात्र तीन पोर्टल गाइड ही भेजे थे. इसके लिए कोई 'मानक संचालन प्रक्रिया' (एसओपी) भी नहीं बनाई गई है. सच्चाई यह भी है कि स्थानीय ट्रैकिंग एजेंसियों का काम सिंगल विंडो सिस्टम में पंजीकरण और गाइड उपलब्ध कराने तक ही सीमित है. बड़ी ट्रैकिंग कंपनियों से कम बजट मिलने से भी स्थानीय एजेंसियां नियमों के पालन पर ज्यादा ध्यान नहीं देतीं. कुछ स्थान ऐसे हैं, जहां जाने के लिए पर्वतारोहण जैसे अभियान के स्तर की तैयारी होनी चाहिए. नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्रधानाचार्य कर्नल अंशुमन भदौरिया कहते हैं कि ट्रैकिंग व पर्वतारोहण अभियान के दौरान मौसम पूर्वानुमान लेना जरूरी होता है. जलवायु परिवर्तन के दौर में कम और अनुभवहीन कर्मचारी को 20-25 पर्यटकों को संभालने का दायित्व सौंपना खतरनाक हो सकता है.





ध्यानाभ्यास इस प्रेम-रहित संसार में प्रेम लाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# नीट में धांधली के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

जन चिकित्सा विज्ञान के स्नातक पाठ्यक्रम के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा यानी नीट में धांधली के आरोपों को सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया है. उसने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए से इस मामले से जुड़े सवालों का जवाब देने को कहा है. दरअसल, इस बार की नीट परीक्षा के नतीजों में कई तरह की विसंगतियां देखी गई हैं. जब परीक्षा ली गई, तब बिहार और राजस्थान के कुछ केंद्रों पर गलत पर्चे बांट दिए गए थे. बाद में उन्हें दुरुस्त कर दिया गया.

तब विद्यार्थियों ने आरोप लगाया था कि पर्चाफोड़ हुआ है, परीक्षा रद्द कर दुबारा कराई जानी चाहिए. लेकिन एनटीए ने इससे इनकार कर दिया. उसका कहना है कि तकनीकी गड़बड़ी की वजह से गलत पर्चा बंट गया था. फिर नतीजे तय तिथि से दस दिन पहले ही घोषित कर दिए गए. नतीजों में सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे सात सौ बीस अंक मिले हैं. यह पहली बार हुआ है. एनटीए का कहना है कि जिन विद्यार्थियों को देर से पर्चे मिले, उन्हें समय की हानि होने के चलते कृपांक दिए गए. उसका क्या आधार है, यह भी स्पष्ट नहीं है. हालांकि एनटीए अब भी अपनी बात पर कायम है कि पर्चाफोड़ नहीं हुआ और न गलत तरीके से किसी विद्यार्थी को अंक दिए गए. परीक्षा में पूरी तरह पारदर्शिता और शुचिता बरती गई है. उसका यह तर्क सर्वोच्च न्यायालय के सामने सही ठहर पाता है या नहीं, देखने की बात है. एनटीए ने कृपांक की शिकायतों के समाधान के लिए एक जांच समिति गठित कर दी है, लेकिन उस पर विद्यार्थियों को भरोसा नहीं है.



दरअसल, चिकित्सा पाठ्यक्रमों के दाखिले में धांधली की शिकायतें पुरानी हैं. उन शिकायतों को दूर करने के मकसद से ही एनटीए के माध्यम से प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय किया गया था. एनटीए की बनाई गई व्यवस्था के तहत नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र देश के सभी केंद्रों पर एक साथ विद्यार्थियों को मिलते हैं. उनमें किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश कम रहने का दावा किया जाता है. फिर भी, जिस तरह एनटीए की दूसरी परीक्षाओं में पर्चे बाहर निकल गए और कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं, उससे नीट को लेकर भी आशंका गहरी हुई है. एनटीए को बहुत भरोसेमंद और चाक-चौबंद संस्था माना जाता है, अगर उसकी परीक्षाओं में भी धांधली के आरोप लग रहे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे उसकी साख पर सवाल उठते हैं.

पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं के पर्चे बाहर होने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं. न केवल छोटे सरकारी पदों के लिए, बल्कि राज्यों के लोकसेवा आयोगों की परीक्षाओं के भी पर्चे बाहर होने की घटनाएं हो चुकी हैं. उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं इसीलिए रद्द करनी पड़ीं कि उनके पर्चे परीक्षा से पहले ही बाहर निकल चुके थे.

इसे लेकर पहले उत्तराखंड सरकार ने कड़े कानून बनाए, फिर केंद्र सरकार ने भी कानून बनाने की घोषणा की. नकल माफिया पर नकेल कसने के लिए हर सरकार कमर कसती दिखती है, लेकिन नकल कराने वालों के हौसले पस्त पड़ते नजर नहीं आते. परीक्षाएं रद्द होने से बहुत सारे विद्यार्थियों की मेहनत पर पानी फिरता, उनका मनोबल टूटता और पैसे की बर्बादी होती है. इस हताशा में कई विद्यार्थी खुदकुशी तक का रास्ता अख्तियार करते देखे जा रहे हैं. जब तक सरकारें इस मामले में दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं दिखाएंगी, यह सिलसिला शायद ही रुके.

# 80 साल में 'दादाजी' लाए 23 साल की दुल्हन!

**जरा हट के**

कहते हैं कि प्यार में इंसान कुछ नहीं देखता, न जाति-पंथ, न अमीरी-गरीबी न ही मजहब. हां, अब तो उम्र का भी कोई खास बंधन नहीं रह गया है. बावजूद इसके कुछ ऐसे रिश्ते सामने आ जाते हैं, जिन्हें देखने के बाद समझ ही नहीं आता कि इसे प्यार कहें या फिर कुछ और. एक ऐसी ही कहानी पड़ोसी देश चीन से आई है, जिसके बारे में सुनकर आप दंग रह जाएंगे.

ऑडिटी सेंट्रल नाम की वेबसाइट ने इस बेहद अजीब मामले के बारे में बताया है. वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन में एक वृद्धाश्रम में काम करने वाली लड़की यहीं पर रह रहे 80 साल के बुजुर्ग के प्यार में दीवानी हो गई. उसने घरवालों की मर्जी के खिलाफ उनसे शादी भी कर ली. इनकी कुछ तस्वीरें भी शेयर की गई हैं, जिनमें दादा की उम्र के शख्स के साथ लड़की काफी रोमांटिक पोज़ दे रही है.



चीन के हुबेई प्रांत का ये मामला है. ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक वृद्धाश्रम में काम करने के लिए जाने वाली एक 23 साल की लड़की की मुलाकात यहां रहने वाले 80 साल के एक बुजुर्ग से हुई. दोनों के बीच काफी चीज़ें एक जैसी ही थीं, ऐसे में उनकी अच्छी दोस्ती हो गई. धीरे-धीरे ये दोस्ती मोहब्बत में बदली और उन्होंने शादी करने का फैसला कर लिया. लड़की को बुजुर्ग की बुद्धिमानी, स्थायित्व और परिपक्व व्यवहार पसंद आया, जबकि उन्हें लड़की का युवा और दयालु होने अच्छा लगा.

घरवालों की मर्ज़ी के खिलाफ शादी

जब अपने दादा की उम्र वाले इस शख्स से शादी की बात को लड़की ने अपने घर में रखा, तो वे लगभग सदमे में चले गए. उन्होंने इसका विरोध किया, वो बात अलग है कि लड़की पर इसका कोई असर नहीं हुआ. उसने घरवालों से रिश्ता तोड़ा और खुद से लगभग चार गुना उम्र वाले शख्स से आखिरकार लड़की ने शादी कर ली. उनकी शादी साधारण समारोह में हुई, लेकिन दोनों के ही घरवालों में से कोई भी नहीं आया.

# तवा पनीर ब्रेड पिज्जा

खाना-खजाना

पिज्जा कई लोगों का पसंदीदा फास्ट फूड है. बच्चों से लेकर बड़े तक इसे खाना पसंद करते हैं. हालांकि, लगातार इसे खाना सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है. ऐसे में बड़े तो अक्सर इस बात को समझ जाते हैं, लेकिन बच्चों को समझाना कई बार मुश्किल हो जाता है. ऐसे में आप बच्चों के लिए घर पर ही तवा पनीर ब्रेड पिज्जा बना सकते हैं.

**सामग्री :**

- 2 ब्रेड स्लाइस
- 1 कप पनीर (छोटे क्यूब्स में कटा हुआ)
- 1/2 रंगीन शिमला मिर्च (कटी हुई)
- टमाटर (कटा हुआ)
- 1/4 कप स्वीट कॉर्न के दाने
- 2 बड़े चम्मच पिज्जा सॉस
- 1/2 कप मोत्जरेला चीज
- स्वादानुसार ओरिगेनो
- 2 चम्मच चिली फ्लेक
- स्वादानुसार नमक
- मक्खन या तेल

**विधि :**

पनीर को छोटे आकार के



क्यूब्स में काट लें. अब उन्हें मसालों जैसे लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और एक चुटकी नमक और नींबू के रस के मिश्रण में मैरीनेट करें और एक तरफ रख दें. एक तवे पर मध्यम आंच पर थोड़ा मक्खन या तेल गर्म करें. शिमला मिर्च, टमाटर और स्वीट कॉर्न के दानों को हल्का नरम होने तक भूनें. तवे पर ब्रेड का एक टुकड़ा रखें. स्लाइस को कवर करने के लिए एक बड़ा चम्मच पिज्जा सॉस समान रूप से फैलाएं.

अब सॉस के ऊपर कुछ भुनी हुई सब्जियां डालें. इसके बाद मैरीनेट किए हुए पनीर के टुकड़ों को सब्जियों के ऊपर रखें. पनीर और सब्जियों के ऊपर मोत्जरेला चीज को कद्दूकस कर लें. फिर पनीर के ऊपर ओरिगेनो, चिली फ्लेक और एक चुटकी नमक छिड़कें. पैन को ढक्कन से ढक दें और चीज पिघलने तक पकाएं. ब्रेड का निचला भाग सुनहरा भूरा और कुरकुरा हो जाए, तो इसे गरमागरम सर्व करें.

# रात में कई बार खुलती है आपकी नींद!

### जानिए इसका कारण और निवारण

अक्सर रात में नींद अचानक से खुल जाती है. ऐसा बहुत से लोगों के साथ होता होगा कि गहरी नींद में सो रहे शख्स की रात में कई बार नींद खुलती है और फिर दोबारा लग भी जाती है. कई बार तो लोगों को याद भी नहीं होता कि वह रात में जागे थे. यह एक सामान्य स्थिति है. कई बार तो लोग नींद से जागने पर ये सोचने लगते हैं कि वे क्यों जाग रहे हैं या कितनी देर सोए? वह ये भी तय करते हैं कि उन्हें कितनी देर और सोना है और कब जागना है. येल मेडिसिन में स्लीप एक्सपर्ट लिनेल कहती हैं कि वयस्क रात में दो से छह बार तक जागते हैं. इस दौरान वह किसी विवाद या काम से जुड़ी चिंता में डूब जाते हैं. उन्हें अलर्ट होना जरूरी है.

### बिस्तर पर लेटे न रहें

लिनेल कहती हैं, अचानक नींद खुले तो 15-20 मिनट दोबारा सोने की कोशिश करें, फिर भी नींद न आए तो बिस्तर से उठ जाएं. घर में शांत जगह पर बैठकर किताब पढ़े, पजल सॉल्व करें या आडियो बुक सुनें. आधे घंटे तक ऐसा करने से नींद आने लगेगी. व्यर्थ की चिंता में न उलझें, इससे नींद उचट जाती है.

### रात में खाने से बचें

नींद की समस्या रात के खाने की गड़बड़ी के कारण भी हो सकती है. इसलिए रात में बहुत देर से या ज्यादा खाने से बचें. ये पाचन प्रक्रिया को बिगड़ने से बचाती है. मसालेदार और वसायुक्त खाने से परेशानी और बढ़ती है. विशेषज्ञ सलाह देते हैं, सोने से 3 घंटे पहले तक हल्का खाना खाना चाहिए. रात को भूख लगे तो स्नैक्स से बचें, पीनट बटर टोस्ट या ओट्स कुकीज ले सकते हैं. ध्यान रखें कैफीन और अल्कोहल वाली चीजों का सेवन दोपहर के बाद न करें, ये बेहतर होगा.



### फोन चेक करने से बचें

नींद न आने पर मोबाइल या अन्य डिवाइस का उपयोग करना लंबे समय तक जगाए रख सकते हैं. रिलैक्स होने के लिए मेलाटोनिन का उत्पादन रोशनी से बाधित होता है. फोन पर बार-बार समय न देखें. अगर फोन देखने का मन करता है तो उसे बेड से या रूम से दूर ही रखें ताकि खुद को फोन का इस्तेमाल करने से रोक सकें.

### वर्कआउट का समय बदलें

व्यायाम और शारीरिक सक्रियता से नींद बेहतर होती है. हालांकि अगर रात में कई बार नींद खुती है तो शाम के वक्त वर्कआउट नहीं करना चाहिए. विशेषज्ञ के मुताबिक, इससे हार्ट रेट और शरीर का तापमान बढ़ सकता है, इसका असर आपकी नींद पर पड़ता है.

## आज का राशिफल

**मेष :** बिगड़े काम बनेंगे. निवेश मनोनुकूल लाभ देगा. नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी. कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है. सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा. घर–बाहर पूछ–परख रहेगी. विरोध होगा. आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा.

**वृषभ :** धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है. सत्संग का लाभ मिलेगा. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेश लाभ देगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

**मिथुन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें. विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें. आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं. दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं. अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे. किसी व्यक्ति की बातों में न आएं. जोखिम के कार्य टालें.

**कर्क :** वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच–समझकर करें. प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है. व्यापार में वृद्धि होगी. स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. निवेश शुभ रहेगा.

**सिंह :** वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच–समझकर करें. प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है. व्यापार में वृद्धि होगी. स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. निवेश शुभ रहेगा.

**कन्या :** स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं. मनपसंद रोजगार मिलेगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. कर्ज समय पर चुका पाएंगे. बैंक–बैलेंस बढ़ेगा. नौकरी में चैन रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. शेयर मार्केट से लाभ होगा.

**तुला :** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है. स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे. यात्रा लाभदायक रहेगी. बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे. किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है.

**वृश्चिक :** आय में निश्चितता रहेगी. शत्रु शांत रहेंगे. व्यापार–व्यवसाय से लाभ होगा. बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें. दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा. थकान व कमजोरी रह सकती है. वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें.

**धनु :** आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी. बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. काम में मन नहीं लगेगा. वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है. थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी. निवेश से लाभ होगा.

**मकर :** जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी. राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है. विवाद न करें. शुभ समाचार प्राप्त होंगे. प्रसन्नता रहेगी. बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे. विरोधी सक्रिय रहेंगे. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. व्यापार मनोनुकूल चलेगा.

**कुंभ :** कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी. काम में मन नहीं लगेगा. व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी. रोजगार मिलेगा. आय में वृद्धि होगी. कारोबार में वृद्धि होगी. शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा. बुद्धि का प्रयोग करें. प्रसन्नता का वातावरण बनेगा.

**मीन :** आंखों का विशेष ध्यान रखें. चोट व रोग से बचाएं. पुराना रोग उभर सकता है. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. वाणी पर नियंत्रण रखें. व्यवसाय की गति धीमी रहेगी. आय बनी रहेगी. नौकरी में कार्यभार रहेगा. थकान महसूस होगी.

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# खाना पकाने के लिए जरूर अपनाएं ये तरीका



खाना पकाने के लिए कई सारे तरीके हैं. जैसे अगर फटाफट खाना पकाना हो तो प्रेशर कुकिंग कर सकते हैं. वहीं अगर समय है तो आप स्टीम या हल्का सेक कर सब्जियों को खा सकते हैं. हालांकि, बहुत कम ही लोग जानते हैं कि खाना पकाने का सही तरीका क्या है. आईसीएमआर के अनुसार, ढक्कन लगाकर खाना पकाने से न केवल आपका समय बचता है, बल्कि पोषक तत्वों को बेहतर बनाए रखने में भी मदद मिल सकती है.

### खाने को ठीक से पकाना क्यों जरूरी है?

खाने की पाचनशक्ति को बेहतर बनाने और उसे ज्यादा टेस्टी बनाने के लिए खाना सही तरह से पकाना जुरूरी है. अगर आप सही तरह से खाना पकाते हैं तो शरीर को पोषक तत्व ज्यादा मिलते हैं. दरअसल, सही खाना पकाने से रोगाणु मर जाते हैं और खाने के खराब होने का खतरा भी कम हो जाता है.

### क्या है हेल्दी खाना पकाने का सही तरीका?

आईसीएमआर की माने तो खाना पकाने के अच्छे तरीकों में प्रेशर कुकिंग या स्टीम कुकिंग शामिल है. गहरे तलने या भूनने के बजाय इस तरह की कुकिंग की जानी चाहिए क्योंकि इससे पोषक तत्वों की कमी कम हो सकती है. दरअसल, सब्जियों और हरी सब्जियों में एंटीऑक्सिडेंट और पॉलीफेनॉल दोनों के लेवल को बढ़ाने के लिए खाने को भाप से पकाना सबसे अच्छे तरीकों में से एक है.

### बिना ढक्कन लगाए क्यों ना पकाएं खाना

खुले ढक्कन में खाना पकाने से खाने को पकने में ज्यादा समय लगता है. वहीं हवा के संपर्क में आने से पोषक तत्वों की कमी होती है. हरी सब्जियां और हरी पत्तेदार सब्जी को बंद ढक्कन में पकाने के दौरान सब्जियों का रंग बदल जाता है लेकिन पोषक तत्वों की हानि कम हो जाती है.

# त्वचा पर इन चीजों के इस्तेमाल से पहले जरूर करें पैच टेस्ट

आज के समय में चाहे पुरुष हो या महिला, हर कोई अपनी त्वचा का काफी ध्यान रखता है. इसके लिए लोग न सिर्फ पार्लर जाकर स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं, बल्कि साथ ही में स्किन केयर प्रोडक्ट भी खरीदते हैं. ट्रीटमेंट से लेकर स्किन केयर प्रोडक्ट खरीदने तक में कई बार हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं. ऐसे में वो लोग जिनके पास समय की कमी है और जो पैसे बचाना चाहते हैं वो घरेलू नुस्खे अपनाते हैं.

कई बार ऐसा होता है कि घरेलू नुस्खे अपनाते वक्त हम बिना कुछ सोचे चीजों का इस्तेमाल कर लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए. अपने चेहरे पर कुछ भी लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए, क्योंकि घरेलू नुस्खों में इस्तेमाल की जाने वाली कई चीजें ऐसी हैं, जो त्वचा को डैमेज कर सकती हैं. इसी के चलते आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि किन चीजों को त्वचा पर लगाने से पहले पैच टेस्ट करना चाहिए.

### सबसे पहले जानें क्या होता है पैच टेस्ट



त्वचा पर कोई भी चीज इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट करना जरूरी होता है. इसके लिए जिस भी चीज को आप त्वचा पर लगाना चाहते हैं उसे पहले अपनी कलाई या आपके कान के पिछले हिस्से पर थोड़ी मात्रा में लगाएं. अगर आपको इसमें थोड़ी सी भी परेशानी हो रही है या जलन हो रही है तो उसे तुरंत हटा दें और उस चीज का इस्तेमाल करने से बचें.

अगर परेशानी नहीं हो रही है तो प्रोडक्ट को रात भर के लिए ऐसे ही लगा रहने दें, ताकि इसका असर दिखाई दे. अब आइए आपको बताते हैं कि चेहरे पर किन घरेलू चीजों के इस्तेमाल से पहले पैच टेस्ट जरूरी है.

### नींबू

नींबू को बहुत से लोग ब्लीच की तरह इस्तेमाल करते हैं. इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा की रंगत निखारने का काम करते हैं. पर, क्या आप जानते हैं कि नींबू को सीधा चेहरे पर लगाना खतरे से खाली नहीं है. इसके डायरेक्ट इस्तेमाल से जलन, सूजन, लालिमा, स्किन में ड्राइनेस बढ़ने से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. ऐसे में अगर घरेलू नुस्खे में नींबू का इस्तेमाल कर रहे हैं तो पहले पैच टेस्ट जरूर करें.

### बेकिंग सोडा

अक्सर स्किन केयर प्रोडक्ट में बेकिंग सोडे का इस्तेमाल होता है. खासतौर पर टैनिंग हटाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है. आपको बता दें कि बेकिंग सोडा काफी हार्श होता है. अगर आप बिना पैच टेस्ट के इसका इस्तेमाल करेंगे तो आपका चेहरा बिगड़ भी सकता है. बेकिंग सोडा को सीधे अपनी त्वचा पर तो कभी भी न लगाएं. इससे कई परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### रोते हुए फांसी के फंदे पर झूल गया सर्राफा कारोबारी, CCTV में रिकॉर्ड हुई घटना

**कानपुर.** कानपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां एक सर्राफा कारोबारी ने मंगलवार रात घर पर फांसी लगाकर जान दे दी. पूरी घटना बेडरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. फांसी लगाने से पहले ज्वैलर्स फंदा पकड़कर फूट-फूटकर रोया फिर लटक गया. बिरहाना रोड के रहने वाले 40 साल के कारोबारी आनंद सिंह उर्फ शेर सिंह की घर के नीचे ही गोकुल ज्वैलर्स और दीप ज्वैलर्स के नाम से दुकान है. घर के तीसरे माले पर उन्होंने कमरे में देर रात फांसी लगा ली. आनंद के परिवार में पत्नी प्रीति, बेटा राजवीर और बेटी ऐश्वर्या हैं. पत्नी बेटी को लेकर मायके गई हुई है. प्रथम तल पर मां मंजू पिता दीपक सिंह रहते हैं. दूसरे तल में रहने वाले छोटे भाई अमन सिंह ने बताया कि रात में सभी ने साथ खाना खाया. इसके बाद भइया आनंद सोने चले गए. बेटा राजवीर दूसरे कमरे में था. अमन ने बताया कि भतीजे राजवीर ने सुबह सवा आठ बजे पिता का शव फंदे से लटकता पाया .

### छत पर सो रहे लड़के को उठा ले गया तेंदुआ

**बहराइच.** बहराइच जिले में छत पर मच्छरदानी के भीतर सो रहे बालक को तेंदुआ उठा ले गया. मक्के के खेत में वह घायलावस्था में मिला. उसे मोतीपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज के ग्राम धर्मापुर के मजरा टेपरा में बुधवार की देर रात को छत पर सो रहे बालक को मच्छरदानी फाड़ कर तेंदुआ उठा ले गया . जानकारी होने पर परिवार के लोग जंगली जानवरों के डर से छत के ऊपर सो रहे थे. घर के पीछे बने छप्पर के सहारे छत पर चढ़कर तेंदुआ मच्छरदानी में सो रहे पांच वर्षीय बालक वाहिद पुत्र शाहिद को तेंदुआ मच्छरदानी फाड़ कर उठा ले गया. घर से दूर मक्के के खेत में ले गया . बालक की गर्दन मुंह में दबाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया.

### पति ने पत्नी को मारी तीन गोलियां

**एटा.** एटा के थाना कोतवाली देहात के गांव खेरियाकलां में बुधवार शाम को घरेलू विवाद के बाद पति ने पत्नी को तीन गोलियां मार दी. दो गोलियां महिला के हाथ में और एक पेट में लगी है. हालत गंभीर होने पर महिला को आगरा के लिए रेफर किया गया है. पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है. गांव खेरियाकलां निवासी अशोक कुमार (33) पुत्र कृपाल सिंह बुधवार शाम को अपनी पत्नी पूजा (30) के साथ घर पर बैठा हुआ था. इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया. इसके बाद गुस्से में आशोक कुमार ने पत्नी पूजा को तीन गोलियां मार दी. ताबड़तोड़ तीन गोलियां लगने के बाद महिला वहीं गिर गई.

### धर्म छिपा कर युवती से की शादी, गिरफ्तार

**लखनऊ.** लखनऊ की दुबग्गा पुलिस ने धर्म छिपा कर युवती से शादी करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोप में प्रापर्टी डीलर को गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ मंगलवार को पीड़िता ने दुबग्गा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था. जिसमें प्रापर्टी डीलर के साथ उसकी पत्नी, मां और पिता पर भी गम्भीर आरोप लगाए थे. डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार के दुबग्गा निवासी पीड़िता से बेगरिया निवासी प्रापर्टी डीलर अजमल ने राजा नाम बता कर दोस्ती की. जिसके बाद आरोपी ने करीब दो साल पहले शादी कर ली. फिर किराए पर मकान लेकर रहने लगा. कुछ दिन पूर्व युवती को राजा उर्फ अजमल की हकीकत पता चली.

# NEET के 1563 कैंडिडेट्स की दोबारा परीक्षा का प्रस्ताव

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- 23 जून को परीक्षा होगी, 30 जून तक रिजल्ट मिलेगा

**नई दिल्ली.** NEET एग्जाम में गड़बड़ियों को लेकर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. केंद्र की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट के स्कोरकार्ड निरस्त होंगे. इसके बाद बिना ग्रेस मार्क्स के स्कोर कार्ड जारी किए जाएंगे.



### सुप्रीम कोर्ट में 3 याचिकाओं पर सुनवाई हुई

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को **NEET UG 2024** रिजल्ट को चुनौती देने वाली 3 याचिकाओं पर सुनवाई हुई. इनमें 3 मांग की गई थीं...

- परीक्षा में शामिल 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स दिए गए जो गलत है.
- मौजूदा रिजल्ट के बेस पर हो रही काउंसलिंग को रोका जाए.
- NEET परीक्षा रद्द की जाए और एग्जाम दोबारा कराया जाए.

इनमें से गुरुवार को ग्रेस मार्क्स के मुद्दे पर सुनवाई हुई है. वहीं पेपर लीक के आरोप की याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी.

### NTA की कमेटी ने सुझाए हैं प्रस्ताव

याचिकाकर्ताओं ने NEET परीक्षा में 1563 कैंडिडेट्स को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर आपत्ति जताई थी. NTA ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी. इस कमेटी ने 10, 11 और 12 जून को बैठक की. कमेटी ने सुझाव दिया है कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के स्कोरकार्ड निरस्त किए जाने चाहिए और इनके लिए दोबारा परीक्षा कराई जानी चाहिए. इन स्टूडेंट्स को उनके बगैर ग्रेस मार्क्स वाले ओरिजिनल स्कोर भी बताए जाने चाहिए. एग्जाम में गड़बड़ी की शिकायत पर कई राज्यों के हाईकोर्ट में भी याचिकाएं दायर की गई हैं. ऐसे में जहां भी ग्रेस मार्क्स को लेकर याचिका लगाई गई है वहां सुप्रीम कोर्ट का आदेश ही लागू होगा.

### शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा- पेपर लीक के कोई सबूत नहीं

केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेपर लीक के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई सबूत नहीं है. उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'NTA पर भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं. यह एक बहुत ही विश्वसनीय संस्था है. सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रहा है और हम उसके निर्णय का पालन करेंगे. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी छात्र को नुकसान न हो.'

# पेमा खांडू तीसरी बार बने अरुणाचल के मुख्यमंत्री

- चाउना मीन फिर डिप्टी CM
- 10 मंत्रियों ने भी शपथ ली



**ईटानगर.** पेमा खांडू गुरुवार 13 जून को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है. उनके बाद चाउना मीन ने डिप्टी CM की शपथ ली. उनके अलावा बियुराम वाघा, न्यातो दुकम, गणरील डेनवांग वांगसू, वानकी लोवांग, पासंग दोरजी सोना, मामा नटुंग, दासंगलू पुल, बालो राजा, केंटो जिनी और ओजिंग तासिंग ने मंत्री पद की शपथ ली. शपथ ग्रहण समारोह ईटानगर स्थित दोरजी खांडू कन्वेशन सेंटर में हुआ. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा मौजूद रहे.

बुधवार 12 जून को ईटानगर में हुई बैठक में खांडू को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया. मीटिंग में भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद और तरुण चुघ शामिल थे. इसके बाद खांडू सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल केटी परनायक से मिले थे.

पेमा खांडू 2016 से अरुणाचल के मुख्यमंत्री हैं. उन्होंने नबाम तुकी के इस्तीफे के बाद पहली बार पदभार संभाला था. जब खांडू पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री बने थे, तब वे कांग्रेस के साथ थे. 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान वे भाजपा में शामिल हो गए.

### अजित डोभाल NSA के पद पर बने रहेंगे

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को फिर से नियुक्ति मिल गई है। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा को भी सेवा विस्तार मिल गया है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने इन दोनों पद पर सेवा विस्तार को मंजूरी दी है। अब अजित डोभाल अगले 5 और सालों तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर बने रहेंगे। उन्हें कैबिनेट रैंक के अफसर का दर्जा मिला हुआ है, जो पहले की तरह ही बरकरार रहेगा। अजित डोभाल नई सरकार गठन के बाद अपने पहले असाइनमेंट पर पीएम नरेंद्र मोदी के साथ इटली जाने वाले हैं।

# अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा का राज्यसभा के लिए नॉमिनेशन

- ननद सुप्रिया से लोकसभा चुनाव हारीं
- प्रफुल्ल पटेल के इस्तीफे के बाद सीट खाली थी

**नई दिल्ली.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने गुरुवार (13 जून) को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया. NCP (अजित गुट) के सांसद प्रफुल्ल पटेल के इस्तीफे के बाद यह सीट खाली हुई थी. सुनेत्रा पवार ने महाराष्ट्र की बारामती सीट से चुनाव भी लड़ा था. उनके सामने शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले थीं. चुनाव में सुनीता अपनी ननद से लगभग डेढ़ लाख वोटों से हार गई थीं.

- मीटिंग के बाद सुनेत्रा के नाम पर मुहर लगी

महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि पार्टी के कोर ग्रुप के सदस्यों ने सुनेत्रा पवार को राज्यसभा सीट देने का फैसला सर्वसम्मति से किया है. कई लोग वह सीट चाहते थे, लेकिन चर्चा के बाद हमने फैसला किया है कि सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेजा जाना चाहिए. मैं इस फैसले से बिल्कुल भी परेशान नहीं हूं.

- प्रफुल्ल पटेल की राज्यसभा सीट खाली हुई थी

NCP (अविभाजित) नेता प्रफुल्ल पटेल 2022-28 के लिए राज्यसभा सांसद चुने गए थे. इसके बाद पार्टी टूट गई और अजित पवार अपने चाचा शरद पवार से अलग हो गए. इस दौरान प्रफुल्ल ने अजित का साथ दिया. वहीं, शरद पवार ने दसवीं अनुसूची की धारा 2(A) के तहत पटेल के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर की, जिसमें दलबदल के आधार पर



अयोग्यता का प्रावधान था.

इसके बाद प्रफुल्ल ने फरवरी में राज्यसभा सीट से इस्तीफा दे दिया और NCP (अजित गुट) ने उन्हें राज्यसभा के नए कार्यकाल के नॉमिनेट किया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में लिखा कि मुझे 2022-2028 के कार्यकाल के लिए राज्यसभा सांसद के रूप में चुना गया था. मैंने राज्यसभा सदस्यता के अपने 4 साल के पुराने कार्यकाल से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि मैं एक नए कार्यकाल के लिए राज्यसभा में चुना गया हूं. नया कार्यकाल 2024 से 2030 तक प्रभावी होगा. इसलिए मैं 2030 तक अगस्त सदन का सदस्य बना रहूंगा.

इसी वजह से NCP (अजित गुट) की एक राज्यसभा सांसद की जगह खाली थी. इस सीट के कार्यकाल में चार साल बाकी है. अब यहां से सुनेत्रा पवार राज्यसभा जाएंगी.

### अल्मोड़ा में 4 वनकर्मियों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत

**अल्मोड़ा.** उत्तराखंड में जंगलों की आग अब जानलेवा साबित हो रही है। गुरुवार दोपहर को अल्मोड़ा जिले के बिनसर के जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए गए चार वन कर्मचारियों की आग की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। वनाग्नि का प्रकोप इतना भयावह था कि आग की चपेट में आकर चार अन्य वन कर्मी बुरी तरह झुलस गए हैं। बुरी तरह से झुलसे वन कर्मियों को रेस्क्यू कर अल्मोड़ा बेस अस्पताल में भर्ती किया गया गया है। जानकारी के अनुसार, बिनसर के जंगल में गुरुवार दोपहर आग लग गई। सूचना पर करीब दोपहर ढाई बजे आठ कर्मचारी आग बुझाने गए थे।

# फिल्म 'हमारे बारह' की रिलीज पर SC ने लगाई रोक

**नई दिल्ली.** फिल्म 'हमारे बारह' की रिलीज पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है. अदालत ने बॉम्बे हाई कोर्ट से यह भी कहा है कि वह इस मामले में दाखिल अर्जी पर जल्दी फैसला ले. उच्च न्यायालय में दाखिल अर्जी में कहा गया है कि यह फिल्म इस्लाम की मान्यता के खिलाफ है और विवाहिता मुस्लिम महिलाओं को भी गलत ढंग से दिखाती है. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि जब फिल्म के खिलाफ हाई कोर्ट में दाखिल अर्जी पर फैसला नहीं होता है, तब तक मूवी की स्क्रीनिंग पर रोक रहेगी. फिल्म की रिलीज 14 जून को होनी थी, लेकिन अब उसे टाल दिया गया है.

शीर्ष अदालत ने कहा कि हम हाई कोर्ट से आग्रह करते हैं कि वह इस अर्जी पर जल्दी से फैसला ले. बॉम्बे हाई कोर्ट ने मूवी की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई, जिसने फिल्म पर रोक का आदेश दिया. याचिकाकर्ताओं की वकील फौजिया शकील ने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस फिल्म के सीन देखने के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड को एक समिति बनाने का आदेश दिया है. समिति से कहा गया है कि वह फिल्म के विवादित सीन्स को देखे और उस पर राय दे.

इस पर अदालत में फिल्म निर्माताओं के वकील ने कहा कि सभी ऐसे सीन हटा दिए गए हैं, जिन पर आपत्ति जाहिर की गई थी. इस पर अदालत ने कहा कि ऐसा नहीं हुआ है. हमने आज ही फिल्म का टीजर देखा. वे सारे सीन उसमें हैं, जिन पर आपत्ति थी. फिल्म मेकर्स के वकील ने कहा कि रिलीज पर स्टे लगाने से हमें नुकसान होगा. इस पर जज ने कहा, 'यदि फिल्म का टीजर ही इतना आपत्तिजनक है तो फिर पूरी फिल्म में क्या होगा. पहली नजर में ऐसा लगता है कि आप विवादित सीन हटाने में फेल रहे हैं.'

### मुस्लिम महिलाओं के गलत चित्रण का आरोप



बता दें कि उच्च न्यायालय में दाखिल अर्जी में कहा गया था कि यह फिल्म विवाहित मुस्लिम महिलाओं का गलत चित्रण करती है. फिल्म कहती है कि एक इंसान के तौर पर मुस्लिम महिलाओं के अधिकार नहीं हैं और ऐसा कुरान में कहा गया है. इस फिल्म में कुरान की आयत की गलत व्याख्या की गई है. इस पर उच्च न्यायालय ने पहले फिल्ममेकर्स से कहा था कि वह 14 जून तक फिल्म रिलीज न करें. इसके बाद एक और आदेश दिया गया, जिसमें फिल्म प्रमाणन बोर्ड से कहा गया कि वह तीन सदस्यों की एक समिति बनाए. इसमें कम से कम एक मुस्लिम सदस्य जरूर होना चाहिए.

### अखिलेश ने विधायकी से दिया इस्तीफा

**लखनऊ.** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यूपी की करहल विधानसभा सीट और नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है. 1 दिन पहले उन्होंने इसका ऐलान किया था. अखिलेश के साथ अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने भी विधायकी से इस्तीफा दे दिया. अवधेश प्रसाद ने कहा- हमने और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा भेज दिया है. जैसे हम विधानसभा में साथ बैठते थे, वैसे ही लोकसभा में बैठेंगे. अंबेडकर नगर से समाजवादी पार्टी के नव निर्वाचित लोकसभा सांसद लालजी वर्मा ने भी इस्तीफा दे दिया है. हालांकि, अभी विधानसभा अध्यक्ष ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है.

# इल्जाम अपने सिर ले लो... 5 लाख दूंगा

- फैन के मर्डर केस में फंसा मशहूर कन्नड़ एक्टर
- आरोपियों से की डील?

**नई दिल्ली.** मशहूर कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप से जुड़े रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली है. पुलिस को पता चला है कि रेणुकास्वामी की कथित तौर पर बेल्ट से पिटाई की गई और फिर एक दीवार पर दे मारा गया, जिससे उसकी मौत हो गई. हत्या के सिलसिले में मंगलवार को प्रमुख कन्नड़ अभिनेता थूगुदीप, उनकी करीबी मित्र पवित्रा गौड़ा और 11 सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया था. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कन्नड़ अभिनेता ने तीन लोगों से इस हत्या का केस अपने ऊपर लेने के लिए कहा है. इसके लिए अभिनेता ने पांच-पांच लाख रुपये की पेशकश की है.



### गर्लफ्रेंड के उकसावे पर दर्शन ने किया मर्डर?

सूत्रों ने दावा किया, ₹पवित्रा ने ही दर्शन को रेणुकास्वामी को दंडित करने के लिए उकसाया था. इसी के अनुसार योजना बनाई गई. दर्शन ने दर्शन फैन क्लब के संयोजक राघवेंद्र उर्फ रघु की चित्रदुर्ग इकाई से संपर्क किया, जिसने रेणुकास्वामी के बारे में सारी जानकारी हासिल की.

### क्या है रेणुकास्वामी मर्डर केस

अभिनेता दर्शन के फैन चित्रदुर्ग के जिला मुख्यालय शहर के निवासी रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उनपर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था. पुलिस सूत्रों के अनुसार, रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर ₹अभद्र भाषा₹ का भी इस्तेमाल किया था और आपत्तिजनक संदेश पोस्ट किए थे. दर्शन, मुख्य आरोपी गौड़ा और अन्य आरोपियों को बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए पटनागेरे ले जाया गया, जहां अपराध हुआ था. पुलिस सूत्रों के अनुसार, दर्शन गौड़ा की सोशल मीडिया पोस्ट पर रेणुकास्वामी (33) के टिप्पणी करने से क्रोधित हो गए थे.

# 30 जून तक ट्रांसफर होंगे

- योगी कैबिनेट ने नई तबादला नीति पर लगाई मुहर

**लखनऊ.** यूपी में लोकसभा चुनाव के बाद योगी कैबिनेट की मंगलवार को पहली बैठक हुई. इसमें नई ट्रांसफर नीति समेत 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है. 26 प्रस्ताव जल संसाधन मंत्रालय के हैं. सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक रही. सभी मंत्री टैबलेट के साथ मीटिंग में शामिल हुए.

डिप्टी सीएम केशव मौर्य आज भी बैठक में नहीं पहुंचे. 3 दिन पहले भी वो सीएम योगी द्वारा बुलाई गई मंत्रियों की बैठक में शामिल नहीं हुए थे. मौर्य अभी दिल्ली में हैं. कैबिनेट जैसी अहम बैठक में क्यों नहीं शामिल हुए? यह अभी स्पष्ट नहीं है.

चुनाव के चलते 4 महीने बाद योगी कैबिनेट की बैठक हुई. चुनाव अधिसूचना से पहले 5 मार्च को आखिरी बैठक हुई थी.

कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राज्य कर्मचारियों के ट्रांसफर शुरू हो जाएंगे. डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बताया कि 30 जून तक ट्रांसफर किए जाएंगे. यानी, ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी.

ट्रांसफर पॉलिसी के नियमों में

# कुवैत की आग में 42 भारतीयों की मौत

- एयरफोर्स वन से वापस लाए जाएंगे शव;
- विदेश राज्य मंत्री बोले- शवों की पहचान करना मुश्किल

**कुवैत.** कुवैत के मंगाफ शहर की 6 मंजिला इमारत में बुधवार को आग लगने से 49 मजदूरों की मौत हो गई. 50 से ज्यादा लोग घायल हैं. भारत के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मरने वालों में करीब 42 भारतीय हैं. ANI के मुताबिक, इनमें 12 केरल और 5 तमिलनाडु से थे. केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना





जॉर्ज कुवैत के लिए रवाना हो चुकी हैं. अन्य मृतक पाकिस्तान, फिलिपींस, मिस्र और नेपाल के हैं. हादसे के बाद भारत के विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कुवैत पहुंच चुके हैं. उन्होंने बताया कि इमारत में आग लगने की वजह से कुछ शव इतनी बुरी तरह से जल गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है. कई शव बिल्डिंग की सीढ़ियों पर मिले. भारत का एयरफोर्स वन प्लेन शवों को वापस लाने के लिए तैयार खड़ा है.

मंत्री ने कहा, ₹जैसे ही शवों की पहचान हो जाती है, उनके परिजन को इसकी सूचना दी जाएगी. इसके बाद शव वापस भारत लाए जाएंगे.₹ कुवैत के समयानुसार यह हादसा बुधवार सुबह करीब 4:30 बजे हुआ. 6 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर के किचन में लगी आग तेजी से पूरी इमारत में फैल गई. उस वक्त सभी कामगार सो रहे थे.

आग लगने की वजह से मची भगदड़ के बीच कई लोगों ने घबराकर बिल्डिंग की खिड़कियों से छलांग लगा दी. कई लोग इमारत के अंदर ही फंसे रह गए और धुएं में दम घुटने से उनकी मौत हो गई.

# टी-20 वर्ल्डकप में पहली बार लेट-ओवर पेनल्टी

## अर्शदीप WC-मैच की पहली बॉल पर विकेट लेने वाले पहले भारतीय

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 25वें मुकाबले में अमेरिका को 7 विकेट से हराया. नसाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है. अमेरिका ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन बनाए. जवाब में भारतीय टीम ने 18.2 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया.

टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार किसी टीम पर लेट-ओवर पेनल्टी लगी. अमेरिका के कोरी एंडरसन का ओवर होने के बाद जसदीप सिंह 8 सेकंड के अंदर देरी बॉल नहीं डाल सके. इतना ही नहीं, भारत के अर्शदीप सिंह टी-20 वर्ल्ड कप मैच की पहली बॉल पर विकेट लेने वाले पहले भारतीय बॉलर बने. रन चेज में सूर्या ने 49 बॉल पर फिफ्टी जमाई, जो भारतीयों में सबसे धीमी रही.




**टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए बेस्ट बॉलिंग फिगर**

| बॉलर | फिगर | बनाम | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 4/9 | अमेरिका | न्यूयॉर्क | 2024 |
| आर अश्विन | 4/11 | ऑस्ट्रेलिया | मीरपुर | 2014 |
| हरभजन सिंह | 4/12 | इंग्लैंड | कोलंबो | 2012 |
| आर पी सिंह | 4/13 | सा. अफ्रीका | डरबन | 2007 |
| जहीर खान | 4/19 | आयरलैंड | नॉटिंघम | 2009 |

अर्शदीप सिंह ने भारत की ओर से टी-20 वर्ल्ड कप में ऑलटाइम बेस्ट प्रदर्शन किया. उन्होंने अमेरिका के खिलाफ महज 9 रन देकर 4 विकेट लिए. इससे पहले रविचंद्रन अश्विन ने वर्ल्ड कप-2014 में मीरपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन देकर 4 विकेट लिए थे.

भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टीम इंडिया के लिए सबसे धीमी फिफ्टी बनाने वाले खिलाड़ी बने. उन्होंने अमेरिका के खिलाफ 49 बॉल में अर्धशतक जमाया. उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ा. कोहली ने साल 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ 45 बॉल में अर्धशतक जमाया था.

सूर्या ओवरऑल टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे धीमी फिफ्टी जमाने वाले 5वे खिलाड़ी है. इस लिस्ट में टॉप पर पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान है. रिजवान ने इसी वर्ल्ड कप में न्यूयॉर्क के ही मैदान पर 52 बॉल में कनाडा के खिलाफ अर्धशतक जमाया था.

विराट कोहली बुधवार को अमेरिका के खिलाफ जीरो पर आउट हुए. वे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार जीरो पर आउट होने वाले खिलाड़ियों में चौथे नंबर पर आ गए हैं. कोहली 36वीं बार शून्य पर आउट हुए. उन्होंने अनिल कुंबले को पीछे किया. इस लिस्ट में टॉप पर जहीर खान है. खान रिकॉर्ड 43 बार जीरो रन बनाकर आउट हुए.

### चांदनी चौक की दुकान में भीषण आग

**नई दिल्ली.** राजधानी दिल्ली में गुरुवार को चांदनी चौक के मारवाड़ी कटरा इलाके में स्थित एक दुकान में भीषण आग लग गई। इस बारे में जानकारी देते हुए DFS (दिल्ली फायर सर्विस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया, 'शाम पांच बजे चांदनी चौक इलाके से आग लगने की सूचना मिली थी। आग चांदनी चौक की नई सड़क स्थित मारवाड़ी कटरा में लगी थी।' इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

गर्ग ने बताया कि शुरुआत में 14 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन बाद में 16 और गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। गर्ग के मुताबिक, 'हमारी टीमें मौके पर काम कर रही हैं और आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं। आग भीषण है और आग को पूरी तरह बुझाने में और समय लग सकता है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।'

**जाहीर नोटीस**

**तहसिलदार तथा तालुका कार्यकारी दंडाधिकारी उल्हासनगर**
यांचे कार्यालय, गांधी रोड उल्हासनगर-5

दुरध्वनी क्र.:-02512530568 ईमेलः tahulhasnagar@gmail.com

1) श्री. जलालउददीन चौधरी — अर्जदार
रा. उल्हासनगर, जि. ठाणे

**विरुध्द**

2) निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग, — सामनेवाले
उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

**तमाम जनतेस सदर नोटीसीद्वारे सुचीत करण्यात येते आहे ते येणेप्रमाणे:**

1. उपरोक्त अर्जदार यांचा मुलगा **मोहम्मद मोइनुददीन जलालउददीन चौधरी** यांचा **जन्म** उल्हासनगर येथे दिनांक **12/05/2002** रोजी झालेला आहे. अर्जदाराकडून काही अपरिहार्य कारणामुळे तसेच अनावधनामुळे सदर **जन्माची** नोंद **निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर** दफ्तरी करुन **जन्माचा दाखला** प्राप्त करुन घ्यावयाचा राहीला होता. अर्जदार यांना त्यांच्या आईचा जन्म दाखल्याची आवश्यकता आहे.
2. उशीरा जन्म नोंदणी दाखला मिळणेसाठी मा. तहसीलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी यांचेकडुन आदेश प्राप्त करुन घ्यावयाचा असल्यामुळे सदर कार्यालयास किरकोळ अर्ज दावा क्र 51/2024 दाखल केला आहे.
3. सदर बाबत कोणत्याही व्यक्तीची कोणतीही हरकत असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 30 दिवसाच्या आत सदर न्यायालयात दाखल करावी वरील मुदतीत कोणी योग्य हरकत न दाखल केल्यास अर्जदार यांना सदर कार्यालयातर्फे त्यांचा मुलगा **मोहम्मद मोइनुददीन जलालउददीन चौधरी** यांचा जन्म नोंदणीचा दाखला मिळणेकरीता आदेश करण्यात येईल,

आज दिनांक माहे 12/06/2024 रोजी माझे सहीने व शिक्क्याने दिली.

सील

**हुकुमावरुन**
**सही /-**
**कार्यकारी दंडाधिकारी, उल्हासनगर**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



संक्षेप...

## घर से 1.59 लाख के गहने व नकदी चोरी

**भिवंडी.** कामतघर, ताडाली रोड स्थित गाजुल निवास में घुसकर अज्ञात चोर घर से 1 लाख 59 हजार रुपए के गहने व नकदी चोरी कर ले गया. भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है. फिर्यादी गणेश अंबादास गाजुल (32) गाजुल निवास, ताडाली रोड, कामतघर, गणेश नगर, भिवंडी में रहते हैं. 11 जून की रात से 12 जून की सुबह अज्ञात चोर उनके घर में घुसा और घर से 1 लाख 59 हजार रुपए के गहने व नकदी चुरा ले गया.

# अजित पवार का साथ छोड़ सकती है भाजपा

■ महाराष्ट्र में बड़ी उथल-पुथल की अटकलें

**मुंबई.** महाराष्ट्र में बड़ी सियासी उथल-पुथल के आसार हैं. अटकलें हैं कि विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (BJP) अजित पवार से दूरी बना सकती है. हालांकि, अब तक भाजपा या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है. हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं संघ यानी RSS ने मुखपत्र में पवार के साथ भाजपा के गठबंधन पर सवाल उठाए थे.

न्यू इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा है कि भाजपा नेतृत्व के एनसीपी तोड़ने और लोकसभा चुनाव से पहले अजित पवार गुट के साथ जाने से संघ खुश नहीं है. सूत्रों का कहना है कि भाजपा अजित से नाता तोड़कर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के साथ विधानसभा चुनाव के मैदान में उतर सकती है.



अंग्रेजी अखबार से बातचीत में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'आरएसएस-भाजपा कैडर पवार विरोधी नारे के साथ तैयार किया गया है. सिंचाई और महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले से तार होने के चलते वे जित पवार विरोधी है. लेकिन जब पवार ने भाजपा के साथ हाथ मिलाए, तब पवार विरोधी नारा खत्म हो गया. जख्म पर नमक छिड़कने हुआ और उन्हें महायुति सरकार में डिप्टी सीएम बना दिया गया.'

रिपोर्ट के अनुसार, एक नेता ने कहा, 'लोकसभा चुनाव में यह साफ दिख रहा था कि आरएसएस-भाजपा कैडर एनसीपी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए तैयार नहीं थे और कई स्थानों पर उनका मन नहीं था. नतीजा यह हुआ कि भाजपा का आंकड़ा कम हो गया.' रिपोर्ट के मुताबिक, संघ कार्यकर्ता रतन शारदा ने लेख में कहा कि अजित के साथ गठबंधन करने ने भाजपा की 'ब्रांड वैल्यू' कम कर दी है.

असमंजस में भाजपा

अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि भाजपा विचार कर रही है कि विधानसभा चुनाव में अजित के साथ न जाने का असर क्या होगा. रिपोर्ट के अनुसार, एक अन्य नेता ने कहा, 'अगर हमारी पार्टी अजित का साथ छोड़ती है और शिंदे के साथ विधानसभा चुनाव लड़ती है तो ऐसा लग सकता है कि भाजपा ने अजित का इस्तेमाल किया और फेंक दिया.'

उन्होंने कहा, 'यह यूज एंड थ्रो पॉलिसी पलटवार कर सकती है, लेकिन एक और तस्वीर यह है कि अजित को साथ रखना भी शायद फायदेमंद साबित न हो. चुनाव ने दिखा दिया है कि अजित जिम्मेदारी है और भाजपा को साथ पर विचार करना होगा.'

## 13.15 लाख की मेफेड्रोन ड्रग्स के साथ दो लोग गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** बुधवार को रात करीब 1:45 बजे कोपरी सिग्नल पर नवी मुंबई पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल ने गश्त के दौरान संदिग्ध रूप से कुछ लोगों को घूमते देखा। जब उनकी तलाशी ली गई तो वे लगभग 131.50 ग्राम मेफेड्रोन ड्रग पाए गए। जिसकी कीमत 13 लाख 15 हजार रुपए बताई गई है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कबाड़ व्यापारी जितेंद्र वैजयनाथ गुप्ता (48) और खारघर निवासी रियल एस्टेट एजेंट भूपेंद्र हीराचंद खंडेलवाल (41) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

# रिश्वतखोर पुलिसकर्मी एंटी करप्शन अधिकारी को धक्का मारकर हुआ फरार

**भिवंडी.** भिवंडी में एक पुलिसकर्मी ने केस दर्ज ना करने पर एक व्यक्ति से 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी. पीड़ित ने जिसकी शिकायत ठाणे के एंटी करप्शन ब्यूरो विभाग में दर्ज कराया था. पीड़ित से रिश्वत लेते हुए जब एंटी करप्शन अधिकारी ने पकड़ने की कोशिश की, वैसे ही पुलिस कर्मी ने एंटी करप्शन अधिकारी को धक्का मारकर रिश्वत की रकम लेकर फरार हो गया. निजामपुरा पुलिस ने इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस सिपाही नीलकंठ खड़के के खिलाफ रिश्वत मांगने व सरकारी काम में बाध्य डालने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है.




पुलिस के मुताबिक निजामपुर पुलिस स्टेशन के पुलिस सिपाही नीलकंठ खड़के ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने से बचने के लिए 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी. शिकायतकर्ता ने ठाणे के रिश्वत निवारण विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराया थी. जब एंटी करप्शन विभाग ने 10 जून को इसकी जांच की तब पुलिस सिपाही नीलकंठ ने 29 हजार रुपए देने के लिए बात तय किया था. तदंनुसार शिकायतकर्ता मंगलवार 11 जून को रिश्वत की रकम देने के लिए निज़ामपुर पुलिस स्टेशन पहुंचा था और भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने पुलिस थाने के आसपास जाल बिछा कर रखा था. किन्तु पुलिस सिपाही खड़के ने पुलिस थाने में रिश्वत की रकम स्वीकार नहीं की और शिकायतकर्ता को सरकारी मोटरसाइकिल पर बैठाकर आदर्श पार्क ले जाकर रिश्वत की रकम स्वीकार किया. इसके बाद नीलकंठ खड़के वापस थाने आ गया लेकिन निज़ामपुर थाना में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम को देखकर आरोपी नीलकंठ खड़के वहां से फरार होने का मन बनाया. एंटी करप्शन विभाग के पुलिस उपाधीक्षक विशाल जाधव ने उसे पकड़ने की कोशिश की. इस दरम्यान पुलिस सिपाही खड़के ने विशाल जाधव को धक्का देकर गिरा दिया और रिश्वत की रकम के साथ फरार हो गया. निजामपुर पुलिस ने पुलिस कांस्टेबल नीलकंठ खड़के के खिलाफ रिश्वत लेने और सरकारी काम में दखल देने का केस दर्ज किया है और ठाणे एंटी करप्शन विभाग के पुलिस की टीम खड़के की तलाश शुरू की है.

## एटीएम कार्ड बदलकर 40 हजार रुपए उड़ाए

भिवंडी. कोनगांव में केनरा बैंक के एटीएम में अज्ञात ठग ने एक महिला का एटीएम कार्ड बदलकर दूसरा कार्ड थमा दिया और उसके कार्ड से महिला के खाते से 40 हजार रुपए निकाल लिए. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरती राजेश शेट्टी (42) कोनगांव में अनंत हलवाई दुकान के पास मौजूद केनरा बैंक के एटीएम में रुपए निकालने गई थी. जहां उनके पीछे खड़े शख्स ने उनका पिन नोट कर लिया. बाद में महिला का एटीएम कार्ड बदलकर दूसरा कार्ड दे दिया. महिला के जाने के बाद उसने महिला के खाते से 40 हजार रुपए निकाल लिए. कोनगांव पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ भादंसं की धारा 420, 406 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस हवलदार रायते जांच कर रहे हैं.

# बाइक सवार पुलिसकर्मी और महिला को तेज रफ्तार डंपर ने कुचला

**ठाणे.** ठाणे शहर में मंगलवार को एक चौंकाने वाली घटना में एक पुलिस कांस्टेबल और उसकी मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी एक महिला को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। यह घटना दोपहर करीब 12.20 बजे ठाणे के व्यस्त वर्तक नगर इलाके में हुई, जब दोनों दोपहिया वाहन पर सवार होकर किसी सरकारी काम से सरकारी विभाग जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार डंपर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे पुलिसकर्मी और महिला सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं।



आसपास मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता बीनू वर्गीस ने पीड़ितों के खून से लथपथ शवों को देखा और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान ठाणे में रहने वाले पुलिसकर्मी सुनील रावते (44) और कलवा शहर की निशा धायपुरकर (47) के रूप में हुई है, जो पास की एक दुकान में काम करती थी। वर्गीस द्वारा स्थानीय अधिकारियों से शिकायत करने के बाद पुलिस हरकत में आई और कुछ ही घंटों में हिट-एंड-रन दुर्घटना में शामिल डंपर का पता लगा लिया।वर्तक नगर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि मामले में मुख्य संदिग्ध डंपर चालक को हिरासत में लिया गया है और औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने से पहले उससे पूछताछ की जा रही है।

# आइस्क्रीम कोन के अंदर से निकली इंसान की कटी उंगली

■ महिला ने ऑनलाइन किया था आर्डर, केस दर्ज

**मुंबई.** मुंबई के मलाड इलाके में बेहद ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है. एक महिला ने दावा किया है कि आइसक्रीम कोन के अंदर इंसान की एक कटी हुई उंगली मिली. महिला ने इसकी तस्वीर शेयर की और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. उनका कहना है कि ऑनलाइन आइसक्रीम ऑर्डर की थी.

शुरुआती जांच में पुलिस का कहना है की आइसक्रीम कोन में इंसानी अंग है. पुलिस ने और पुख्ता होने के लिए आइसक्रीम में मिली इंसानी अंग को FSL में भेजा है. मलाड पुलिस ने आइसक्रीम कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस ने धारा 272, 272 और 336 के तहत मामला दर्ज किया.

क्या है दावा?



महिला ने दावा किया कि उसने आधी से ज्यादा आइसक्रीम खा भी ली थी, पर जैसे ही उसको लगा की कुछ गड़बड़ है उसने आइसक्रीम में देखा की एक इंसानी कटी हुई उंगली है. वहीं पुलिस ने कहा, "एक महिला को ऑनलाइन ऑर्डर की गई आइसक्रीम कोन के अंदर इंसानी उंगली का टुकड़ा मिला. जिसके बाद महिला मलाड पुलिस स्टेशन पहुंची. मलाड पुलिस ने युम्मो आइसक्रीम कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कर आइसक्रीम को जांच के लिए भेज दिया है. आइसक्रीम में मिले मानव अंग को FSL (फोरेंसिक) के पास भेज दिया है."

ओरलेम निवासी ब्रेंडन सेराओ (27) ने बुधवार को ऑनलाइन डिलीवरी ऐप के जरिए कोन आइसक्रीम का ऑर्डर दिया तो उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि उन्हें बड़ा झटका लगने वाला है. महिला ने बताया कि आइसक्रीम के अंदर करीब 2 सेमी लंबा इंसानी उंगली का टुकड़ा था. सेराओ पेशे से एमबीबीएस डॉक्टर हैं.

FPJ के अनुसार सुबह उनकी बहन ऑनलाइन डिलीवरी ऐप के जरिए किराने का सामान ऑर्डर कर रही थी, तभी उन्होंने उससे तीन बटरस्कॉच कोन आइसक्रीम को लिस्ट में शामिल करने के लिए कहा. जब आइसक्रीम डिलीवर हुई तो उन्होंने कोन खोला और उसमें उंगली का टुकड़ा निकला. उन्होंने घटना की जानकारी मलाड पुलिस को दी है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस जगह पर आइसक्रीम बनाई और पैक की गई, उसकी भी तलाशी ली जाएगी.

# अशोक लेलैंड के कार्यालय पर मुंबई बस असोसिएशन का धरना प्रदर्शन

**ठाणे.** शहर स्थित अशोक लेलैंड कंपनी के कार्यालय पर मुंबई मालक संघटन व ठाणे असोसिएशन ने किया धरना प्रदर्शन. संघटन के प्रतिनिधि के.बी. शेट्टी ने बताया कि अशोक लेलैंड कंपनी के यूरो 6 मॉडल की बसों में घटिया किस्म के सामानों का उपयोग करने मामला सामने आया है।इस बस में यात्रा करने वाले यात्रियों की जान का धोखा है।शेट्टी ने बताया कि बस चलते समय अचानक फ्रंट व्हील हब का क्रेक होना, व्हील डिस्क का टुटना, क्लच, प्रेशर प्लेट, रिलीझ बेरिंग, क्लच सिलेंडर, डिजल पाईप का टुटना, सायलेन्सर पाईप फटना , गियर बॉक्स, ब्रेक लायनर जैसी तमाम समस्या का सामना बस चालक व मालिक को उठानी पड़ रही है।माजीवाडा स्थित कंपनी के कार्यालय पर बस मालिक व असोसिएशन के शिकायत के बावजूद भी कंपनी अनदेखा कर रही है।क्या कंपनी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है? यह सवाल संघटन के लोगों ने किया।संघटन के लोगों ने कंपनी की 61 बसों को अपने तांबे में लेने की मांग की और कंपनी इस विषय पर अनदेखा किया तो संघटन आरटीओ,बैंक में भी शिकायत दर्ज करेगा।




# सिगनल में खराबी से लोकल ट्रेनें हुईं प्रभावित

**मुंबई.** सिग्नलिंग सिस्टम के गड़बड़ाने से मध्य रेलवे की लोकल ट्रेन प्रभावित रहीं। लोकल ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्री इस तकनीकी खराबी से ज्यादा प्रभावित हुए, साथ ही स्टेशन पर बहुत ज्यादा भीड़ भी रही। गुरुवार को विक्रोली स्टेशन के पास सिग्नलिंग सिस्टम में गड़बड़ी हुई। मुंबई उपनगरीय नेटवर्क की मुख्य लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सेवाएं इस गड़बड़ी से प्रभावित हुई। रेलवे अधिकारियों की माने तो सुबह तकरीबन 7 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल बाउंड फास्ट लाइन पर सिग्नलिंग सिस्टम में तकनीकी समस्या आई। जिसके कारण कई सारी लोकल ट्रेन लगभग एक घंटे तक रुकी रहीं। जिसके कारण यात्रियों को बहुत परेशानी हुई। रोजमर्रा के यात्री काफी परेशान रहे। यात्रियों ने बताया कि उपनगरीय सेवाएं 20 से 30 मिनट देरी से चलीं और व्यस्त घंटों के दौरान ट्रेनों और स्टेशनों पर भीड़भाड़ हो गई।

# कट्टर मुस्लिम शिवसैनिक का सांसद नरेश म्हस्के ने किया सत्कार

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** लोकसभा चुनाव में महायुती के उम्मीदवार के विरोध में मतदान करने के लिए मौलवी ने फतवा जारी किया था। इसके बावजूद भी राबोड़ी के रहिवासी कट्टर शिवसैनिक डॉ. असगर मुकादम को तमाम धमकी के बावजूद भी दिनरात महायुति के उम्मीदवार नरेश म्हस्के को विजयी बनाने के लिए काम किया. वहीं नवनिर्वाचित सांसद नरेश म्हस्के ने डॉ. असगर के दवाखाना में जाकर ऋण व्यक्त करते हुए आभार जताया. सांसद म्हस्के ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार विपक्ष ने जातपात और धर्म की गंदी राजनीति किया है. राबोड़ी मुस्लिम बाहुल इलाका है इसके बाद भी पूर्व विधायक स्वर्गीय मो.दा. जोशी का शिष्य कट्टर शिवसैनिक डॉ. असगर मुकादम ने जान से मारने की धमकी और समाज से बहिष्कृत किया जायेगा उसका परवाह नहीं करते हुए चुनाव में विजयी होने के लिए शिवसेना विभाग प्रमुख अमित जायसवाल के साथ में मुस्लिम समुदाय के लोगों का मत परिवर्तन के लिए दिनरात काम किया।जिसका नतीजा सांसद म्हस्के चुनाव में भारी मत से विजय हासिल किया।इस अवसर पर युवा सेना के नितीन लांडगे, शाखाप्रमुख निखिल बुडजडे सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।



# शादी की खबरों पर भड़कीं सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ समय से अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। कहा जा रहा है कि वो 23 जून को एक्टर जहीर इकबाल से शादी करने जा रही हैं। इस बारे में सोनाक्षी ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है।

एक न्यूज पोर्टल से बातचीत में सोनाक्षी ने कहा, 'सबसे पहली बात है कि इससे किसी का लेना-देना नहीं है। दूसरी बात कि ये मेरी चॉइस है तो मुझे समझ नहीं आता कि लोगों को इतनी चिंता क्यों है। लोग मेरे पेरेंट्स से ज्यादा मुझसे मेरी शादी को लेकर सवाल पूछते हैं तो मुझे ये बहुत फनी लगता है। मैं इसकी आदी हो चुकी हूं इसलिए अब फर्क नहीं पड़ता



### सोनाक्षी बोलीं–मैं पेरेंट्स के साथ रहती हूं

सोनाक्षी और जहीर के बारे में ये भी कहा जा रहा था कि दोनों करीब एक साल से लिव इन में रहते हैं। गलाटा इंडिया से इंटरव्यू में सोनाक्षी ने इस बारे में भी बात की। जब उनसे ये पूछा गया कि क्या वो मुंबई में अपने पेरेंट्स के साथ नहीं रहती हैं तो उन्होंने कहा, 'जब बिना सोचे समझे लोग सुनी सुनाई बातों पर यकीन करते हैं तो यही होता है। मैं अब भी अपने पेरेंट्स के घर में रहती हूं। मेरे पास खुद का घर भी है जहां मैं मीटिंग और इवेंट्स के लिए रेडी होने के लिए जाती रहती हूं लेकिन काम खत्म करने के बाद मैं सोने के लिए अपने पेरेंट्स वाले घर में ही जाती हूं।'

### रजिस्टर्ड मैरिज करने की चर्चा

जूम की रिपोर्ट के मुताबिक, सोनाक्षी और जहीर 23 जून को रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे जिसके बाद एक वेडिंग पार्टी होगी। सोनाक्षी के दोस्त ने कहा, 'मुझे 23 जून को शादी के जश्न में शामिल होने का इन्विटेशन मिला है। जहां तक मुझे पता है कि दोनों 23 जून की सुबह रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे।

# राज्यपाल के हाथों 'जनसंपर्क और हिन्दी' पुस्तक का विमोचन

**ठाणे.** डॉ. अशोक कुमार सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'जनसंपर्क और हिन्दी' पुस्तक का विमोचन राजभवन प्रांगण में महामहिम राज्यपाल रमेश बैस के हाथों से मंगलवार, 11 जून को किया गया. इस अवसर पर मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. स्वप्निल नीला, उप मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार जैन, जनसंपर्क अधिकारी माइकल मैन्युल राज और प्रकाशक रामकुमार उपस्थित थे.कार्यक्रम का छायांकन आर सी नायर ने किया. पुस्तक के विमोचन के अवसर पर लेखक डॉ. अशोक कुमार सिंह, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, मध्य रेल ने कहा कि ये केवल एक पुस्तक नहीं है बल्कि हमारे द्वारा भारतीय रेल में दी गई सेवा का एक निचोड़ है. यह पुस्तक शोधार्थियों एवं पीआर प्रोफेशनल्स के लिए बेहद लाभप्रद होगी तथा जनसंपर्क के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगी.



जाने–माने लेखक एवं इतिहासकार राजेन्द्र अकलेकर ने लिखा है कि जनसंपर्क क्या और कैसे होता है, यह मैंने सबसे पहले 90 के दशक में डॉ ए.के सिंह से देखा और सीखा था, और आज तक सीखते आ रहा हूँ. तब से आज तक 27 सालों में मैंने उन्हें भारतीय रेल के सबसे पहले और अहम क्षेत्रीय रेल, मध्य रेल के मुख्यालय में करीब से काम करते देखा है. चाहे रेल कार्यक्रम में प्रधान मंत्री का संबोधन हो या महाप्रबंधक का संबोधन, उनका मसौदा सहज और सरल भाषा में लिखते और देखते आ रहा हूँ.

चूंकि वर्तमान समय डिजिटल मीडिया का युग है. शीर्षक 'जनसंपर्क और हिन्दी' पर लिखी उनकी यह पुस्तक निसंदेह एक अद्भुत एवं बहुत ही उपयोगी पुस्तक होगी. यह पुस्तक न केवल जनसंपर्क एवं हिन्दी विभाग में कार्यरत कर्मियों बल्कि शोधार्थियों के लिए एक वरदान साबित होगी.इस पुस्तक का प्रकाशन मुम्बई के प्रतिष्ठित प्रकाशक आर के पब्लिकेशन में हुआ है.

# सलमान खान बोले- मुझे टारगेट किया जा रहा है

**मुंबई.** 14 अप्रैल को सलमान खान के बांद्रा स्थित घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग हुई थी. घटना के दो महीने बाद सलमान ने मुंबई पुलिस को बयान दिया है. सलमान ने पुलिस से कहा- 'बार-बार अलग-अलग लोगों के निशाने पर आने से मैं थक गया हूं. पहले भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं, जुर्माने लगे हैं. कई केसों में फंसा हूं. मैं फ्रस्टेटेड हो चुका हूं. मैं पहले से ही कोर्ट से सजा पा चुका हूं.'



एक्टर ने बताया कि 14 अप्रैल की सुबह गोलियों की आवाज सुनकर ही उनकी नींद खुली थी. वे बालकनी में आए, लेकिन वहां कोई नहीं था.

1998 में सलमान ने फिल्म 'हम साथ साथ हैं' की शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया था. बिश्नोई गैंग तभी से लगातार सलमान को टारगेट कर रहा है.

### सलमान से तीन घंटे और अरबाज-सोहेल से दो-दो घंटे हुई पूछताछ

घटना के वक्त अरबाज खान अपने जुहू स्थित घर पर मौजूद थे. उन्होंने अपने बयान में पुलिस से कहा है कि वो अपने भाई को पूर्व में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिली धमकियों के बारे में जानते थे. पुलिस ने सलमान से तीन घंटे तक पूछताछ की. वहीं उनके दोनों भाइयों अरबाज और सोहेल से दो-दो घंटे तक पूछताछ की. इस दौरान उनके भाइयों से करीबन 150 सवाल किए गए. हालांकि, उम्र के कारणों से सलमान के पिता सलीम खान का स्टेटमेंट दर्ज नहीं किया गया. 88 साल के सलीम खान भी घटना के वक्त घर पर मौजूद थे. क्राइम ब्रांच जरूरत पड़ने पर उनसे पूछताछ करेगी.

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099